दिन– गुरूवार दिनांक– 06 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के नेताओं की सरकार गठन को लेकर कवायद शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गठबंधन का नेता चुना गया।

02. जनता दल यूनाईटेड ने कहा– बिहार में एनडीए वर्ष दो हजार पच्चीस का विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगा।

03. वन और पर्यावरण मंत्रालय ने जमुई जिले के नागी और नकटी पक्षी अभ्यारण्य को रामसर साइट में शामिल किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तरी और पूर्वी भागों में कई स्थानों पर आंधी– बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर गर्म दिन और लू का अलर्ट।

---

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुने जाने के साथ ही केन्द्र में नई सरकार बनाने की कवायद शुरू कर दी है। कल नई दिल्ली में आयोजित एनडीए के नेताओं की बैठक में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया है। इसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के कार्यकाल में पिछले दस वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास किया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह लगातार तीसरी सरकार के लिए ऐतिहासिक जनादेश है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए की सरकार देश के बेहतर विकास की दिशा में काम करती रहेगी। बैठक में, एनडीए के सहयोगियों ने कहा कि श्री मोदी के पास विकसित भारत के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण है। एनडीए के नेताओं ने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने में प्रधानमंत्री की भूमिका की भी सराहना की। इसके अलावा, गरीबी उन्मूलन की दिशा में प्रधानमंत्री के प्रयासों की भी एनडीए के नेताओं ने प्रशंसा की। एनडीए की यह बैठक नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह शामिल हुए। दिवाकर के साथ, रहीसुद्दीन रिहान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

बैठक में बिहार में एनडीए के प्रमुख घटक दल जदयू के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी भी शामिल हुए।

---

इधर, आईएनडीआईए गठबंधन के सहयोगियों ने केन्द्र में सरकार बनाने की रणनीति तय करने के लिए कल नई दिल्ली में बैठक की। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई। बैठक के दौरान श्री खरगे ने कहा कि जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आया है। उन्होंने कहा कि यह श्री मोदी के लिए भारी राजनीतिक क्षति और नैतिक हार है। इस बैठक में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी, भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य समेत इंडी गठबंधन के घटक दलों के प्रमुख नेता शामिल हुए।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सत्रहवीं लोकसभा भंग कर दी है। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपा और मंत्रिमंडल भंग करने की सिफारिश की थी। राष्ट्रपति ने श्री मोदी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और उन्हें अंतरिम व्यवस्था के तहत नए मंत्रिमंडल का गठन होने तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर बने रहने का अनुरोध किया।

---

लोकसभा सचिवालय, 18वीं लोकसभा के सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है। एक विज्ञप्ति में सचिवालय ने कहा है कि सदस्यों के स्वागत और उनका सुचारू पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए अनेक कदम उठाये गए हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

समय की बचत और पेपर रहित डिजिटल प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए नवनिर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण ऑनलाइन इंटिग्रेटेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। सचिवालय में नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एस बी आई बैंक खाता खोलने, स्थाई पहचान पत्र और केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना कार्ड जारी करने के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं। 14 जून तक शनिवार और रविवार समेत प्रतिदिन सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर मार्ग दर्शक चौकियां बनाई गई हैं। इसके अलावा सदस्यों के अस्थाई रूप से रहने की व्यवस्था वैस्टर्न कोर्ट एनेक्सी, होस्टल, राज्य और केन्द्रशासित भवनों तथा अतिथि गृहों में की गई है। सॉफ्टवेयर आधारित कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था के माध्यम से इन्हें सदस्यों को उपलब्ध कराया जाएगा। अर्पिता की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि एनडीए बिहार में वर्ष दो हजार पच्चीस का विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगा। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बिहार के नतीजों से स्पष्ट हो गया है कि मुख्यमंत्री की लोकप्रियता और विश्ववश्नियता बरकरार है। श्री चौधरी ने कहा कि जदयू एनडीए में है और एनडीए में ही रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा चाहती है।

---

जमुई जिले के नागी और नकटी पक्षी अभ्यारण्य को रामसर साइट में शामिल किया गया है। वन और पर्यावरण मं़त्रायल के अनुसार इन दोनों अभ्यारण्यों का कुल क्षेत्रफल पांच सौ चौवालीस हेक्टेयर से अधिक है। इसके साथ ही देश में रामसर साइट का क्षेत्रफल बढ़कर तेरह लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है। वहीं, देशभर में रामसर साइट में शामिल होने वाले वेटलैंड की संख्या बढ़कर बयासी हो गयी है। प्रदेश में बेगूसराय के कांवरताल को पहले ही रामसर साइट घोषित किया जा चुका है। गौरतलब है कि रामसर साइट ईरान में आयोजित रामसर सम्मेलन के तहत अंतरराष्ट्रीय महत्तव की ऐसी नम भूमि होती है, जहां बारिश के समय पानी जमा होता है। इस साइट में शामिल होने के बाद इस भूमि को अंतरराष्ट्रीय स्तर से सहयोग भी प्रदान किया जाता है।

---

राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाल्मीकिनगर में सबसे अधिक छब्बीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि सीतामढ़ी, सुपौल, दरभंगा और मधुबनी जिले के कुछ हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। अररिया में तेज आंधी–बारिश से कई प्रखंडों में कच्चे घर और पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ ही जलजमाव की भी समस्या उत्पन्न हो गयी। इधर, सीतामढ़ी में भी कल देर रात हुई आंधी–बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। इधर, प्राप्त ताजा जानकारी के अनुसार राजधानी पटना और आस–पास के इलाकों में

अचानक मौसम में बदलाव से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो रही है।

मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। यहां कुछ स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने के साथ ही लू चलने की चेतावनी जारी की गयी है।

---बाईट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ औरंगाबाद प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, अरवल का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव एक, किशनगंज का बयालीस और राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज श्रद्धापूर्वक वट सावित्री की पूजा की जा रही है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए वट वृक्ष की पूजा करती हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि सुबह से ही महिलाएं वट वृक्ष के पास पहुंच कर पूजा-अर्चना कर रही हैं।

---

पटना जिला परिषद अध्यक्ष का चुनाव इक्कीस जून को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्य पदाधिकारी ने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखकर तेरह जून तक सदस्यों को चुनाव संबंधित सूचना देने के निर्देश दिये हैं।

---

पटना जिले के मोकामा में राजेन्द्र सेतु पर आज रात दस बजे से कल सुबह सात बजे तक वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। सेतु पर सड़क मार्ग के ढलाई कार्य को लेकर यह निर्णय लिया गया है।

---

भारत ने ट्वंटी–ट्वंटी क्रिकेट विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में ऑयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है। भारत का अगला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ नौ जून को होगा।

---

भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री आज कोलकाता में कुवैत के साथ महत्वपूर्ण फीफा विश्व कप–दो हजार छब्बीस क्वालीफायर मैच में आखिरी बार राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करेंगे। इसी के साथ सुनील के उन्नीस साल के बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो जायेगा।

---

पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत आलमपुर गांव में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने भूमि विवाद को हत्या का कारण बताया है। वहीं, जिले के सालिमपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के विषहरिया से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी मधेपुरा जिले का रहनेवाला है।

---

बेगूसराय जिले की एक अदालत ने शराब तस्करी के मामले में आरोपी सुरेश कुमार को सात साल करावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने एक लाख रूपये का अर्थ दंड भी लगाया है।

---

कैमूर जिले की पॉक्सो अदालत ने दुष्कर्म के आरोपी मिथुल तिवारी को तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर पंद्रह हजार रूपये का अथदंड भी लगाया गया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर तीन माह एक सप्ताह के कारावास की अतिरिक्त सजा दी गई है।

---

अररिया जिले की एक अदालत ने जाली भारतीय रूपये की बरामदगी के मामले में  दो आरोपियों को तीन–तीन साल कारावास और दस–दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

मधेपुरा जिले के सदर अनुमंडल के मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेट हाईवे–इक्यानवे के पास मोटरसाईकिल सवार तीन अपराधियों ने एक व्यवसायी से चौवालीस हजार रुपए लूट लिये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......
आज के सभी समाचार पत्रों ने देश में नई सरकार के गठन से पहले एनडीए और इंडी गठबंधन की बैठकों से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** की सुखी है– एनडीए ने मोदी को चुना नेता, कल कर सकते हैं सरकार बनाने का दावा।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– अभी नहीं, सरकार बनाने के लिए सही वक्त का इंतजार करेगा इंडिया।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है– सभी कुलपतियों के साथ बैठक करेंगे शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– बिहार में मॉनसून समय पर आएगा, पंद्रह तक पड़ेगी बौछार।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– दो हजार तीस तक बिहार में हो सकता है गंभीर जल संकट।

**नव बिहार टाइम्स** की प्रमुख खबर है– नब्बे हजार अध्यापकों की नियुक्ति की तैयारी।

**आज** अखबार की प्रमुख खबर है– सुधरा शेयर बाजार, सेंसेक्स दो हजार तीन सौ तीन अंक चढ़ा, निफ्टी बाईस हजार छह सौ के पार।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के नेताओं की सरकार गठन को लेकर कवायद शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गठबंधन का नेता चुना गया।

02. जनता दल यूनाईटेड ने कहा– बिहार में एनडीए वर्ष दो हजार पच्चीस का विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगा।

03. वन और पर्यावरण मंत्रालय ने जमुई जिले के नागी और नकटी पक्षी अभ्यारण्य को रामसर साईट में शामिल किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तरी और पूर्वी भागों में कई स्थानों पर आंधी– बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर गर्म दिन और लू का अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।